इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 30 मार्च 2023

अपने को संकट में डाल कर कार्य सम्पन्न करने वालों की विजय होती है, कायरों की नहीं।
- जवाहरलाल नेहरू

वर्ष 15 अंक 204 मूल्य 3-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 34.0°C (-1.2) न्यूनतम 18.5°C(+0.7) सेंसेक्स 57,960 (+346.37) निफ्टी 17,080.70 (+129.00) सोना 59,820 चांदी 73,3000 मुद्रा - डालर 82.22 दिरहम 22.38 रियाल 21.92

वॉकथॉन में शामिल हुए एरा विश्वविद्यालय के छात्र

लखनऊ (सं)। किडनी संबंधित बीमारियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एरा विश्वविद्यालय द्वारा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकथॉन के माध्यम से लोगों को किडनी रोग और उसे स्वस्थ रखने के बारे में जागरूक किया गया। संदेश दिया गया कि हेल्थ लाइफ स्टाइल से किडनी की सेहत सही रहती है। वॉकथॉन में एरा विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी एवं संबद्ध डिप्लोमा कार्यक्रम विभाग के लगभग 130 छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इसमे संतुलित भोजन, तनाव प्रबंधन, पानी की पर्याप्त खपत, कार्बोनेटेड और अन्य पेय पदार्थों से परहेज करने अपील की।

उन्होंने बताया कि ऐसा करने से गुर्दे को नुकसान हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इस दौरान कई लोगों ने गुर्दे के स्वास्थ्य को बनाए रखने का संकल्प लिया। रीजेंसी अस्पताल से शुरू हुई वॉकथॉन ने दो किमी की दूरी तय की। वॉक के दौरान लोगों और राहगीरों में जागरुकता पैम्पलेट और अन्य सूचना सामग्री वितरित की गयी। फिजियोथिरेपी के डॉ. शलभ कुमार सिंह वॉकथॉन के सफल आयोजन के लिए रीजेंसी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. दीपक दीवान को बधाई दी। एरा विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग और सबद्ध डिप्लोमा कार्यक्रमों के संकायों, छात्रों की सक्रिय भागीदारी की आयोजकों ने सराहना की। वॉकथॉन में एरा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व डॉ. अनुपमा धुरिया, डॉ. पूनम पचूरिया, भानु प्रकाश अवस्थी, शैलेंद्र दिवाकर, पीयूष दीक्षित व आकांक्षा सिंह ने किया।